DEPARTMENT OF HEALTH

क्या उम्मीद करें: मिनेसोटा राज्य में टीकाकरण साइटों की सुलभता ट्रांसक्रिप्ट

[कथन]

मिनेसोटा राज्य मिनेसोटा के सभी वासियों के लिए सुलभ टीकाकरण स्थलों की पेशकश करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह वीडियो आपको दिखाता है कि जब आप राज्य के सामुदायिक टीकाकरण स्थल पर जाते हैं तो आप क्या उम्मीद कर सकते हैं।

जब आप टीकाकरण स्थल पर पहुंचेंगे, तो स्थल के प्रवेश द्वार पर जाने वाले संकेत लिखे दिखाई देंगे।

एक स्वागतकर्ता आपका तापमान ले सकता है और आपसे अपने मौजूदा मास्क को एक साफ, डिस्पोजेबल मास्क से बदलने या उससे ढकने के लिए कहेगा।

आपकी टीकाकरण अपॉइंटमेंट के दौरान स्टाफ आपको आवश्यक सहायता के साथ जोड़ सकते हैं। राज्य के सभी टीकाकरण स्थलों पर भाषा सहायता उपलब्ध है।

यदि आपके पास कोई विशिष्ट प्रश्न या अनुरोध है, तो स्थल को अग्रिम रूप से कॉल करें।

[ऑनस्क्रीन टेक्स्ट] टीकाकरण स्थलों के फोन नंबर खोजने के लिए mn.gov/covid19/vaccine/find-vaccine/community-vaccination-program/index.jsp की मुलाक़ात लें।

चेक इन के समय, आपको अपनी अपॉइंटमेंट की पुष्टि दिखाने के लिए कहा जा सकता है। इसे प्रिंट किया जा सकता है या आप अपने फोन पर ईमेल पुष्टिकरण दिखा सकते हैं।

चेक इन करने के बाद, आपको अपना टीका लगवाने से पहले लाइन में प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। यदि प्रतीक्षा करते समय आपको कुर्सी की आवश्यकता है तो चेक-इन स्टाफ को बताएं।

जब एक नर्स उपलब्ध हो तो उनसे संपर्क करें। आप सहज महसूस करने के लिए अधिक गोपनीयता के लिए कह सकते हैं।

यदि यह आपका कोविड-19 टीके का पहला डोज़ है तो नर्स आपको एक टीकाकरण कार्ड देगी। कार्ड को सुरक्षित स्थान पर रखें, और यदि आपको दूसरे डोज़ की आवश्यकता हो तो इसे अपने साथ लाएं।

आपके टीकाकरण के बाद, आपको कोई गंभीर दुष्प्रभाव तो नहीं है यह सुनिश्चित करने के लिए आपको लगभग 15 से 30 मिनट तक प्रतीक्षा करने के लिए कहा जाएगा।

यदि आप ठीक महसूस नहीं कर रहे हैं तो क्या करना चाहिए यह स्टाफ आपको समझाएगा। नर्स या आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन जैसे प्रशिक्षित कर्मचारी आपके सवालों के जवाब देने के लिए और यदि आप ठीक महसूस नहीं करते हैं तो देखभाल प्रदान करने के लिए स्थल पर रहेंगे।

आपके 15 या 30 मिनट खत्म होने के बाद, आपका काम हो गया!

यदि आपके टीके के ब्रांड के लिए दूसरे डोज़ की आवश्यकता है, तो सुनिश्चित करें कि आपके पास अपॉइंटमेंट निर्धारित हो और आपके कैलेंडर पर हो।

यदि आपको तारीख याद नहीं है तो स्थल पर स्टाफ आपकी दूसरी अपॉइंटमेंट देख सकते हैं।

टीका लगवाने के लिए धन्यवाद!

यदि आपके पास राज्य टीकाकरण स्थलों के बारे में प्रश्न हैं, तो हमारी वेबसाइट https://mn.gov/covid19/vaccine/find-vaccineपर जाएं।

Minnesota Department of Health
Communications Office
PO Box 64975
St. Paul, MN 55164-0975
651-201-4989
health.communications@state.mn.us
www.health.state.mn.us

5/26/21 (Hindi)

इस जानकारी को एक अलग प्रारूप में प्राप्त करने के लिए इस पर कॉल करें: 651-201-4989